हरिभूमि

# गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 28 फरवरी 2026

06 गादेर चक्क की सहरिया बस्ती एवं इंद्रा आवास...



07 जिला मुख्यालय पर एसपी कार्यालय के लिए नए स्थान की तलाश





## समाचार संक्षेप

### कार्यशाला सह समीक्षा बैठक आयोजित

**गुना ।** कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व चाचौड़ा रवि मालवीय की अध्यक्षता में अंतर-विभागीय एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम की समीक्षा बैठक सह कार्यशाला का आयोजन चांचौड़ा में किया गया।बैठक में बीएमओ डॉ. राजेश कुमार पुष्पक ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि 6 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों को आयरन सिरप, 6 वर्ष से 10 वर्ष तक के बच्चों को गुलाबी आयरन गोली तथा 11 वर्ष से 19 वर्ष तक की किशोरियों को नीली आयरन गोली एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के अंतर्गत प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन में शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका है। यदि विकासखंड को एनीमिया से मुक्त करना है तो बच्चों एवं किशोरियों को आयरन की खुराक का नियमित रूप से सेवन कराया जाना अत्यंत आवश्यक है। बैठक में एसडीएम रवि मालवीय द्वारा उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि विकासखंड के समस्त बच्चों एवं महिलाओं को एनीमिया मुक्त करने हेतु नियमित मॉनिटरिंग, रिपोर्टिंग एवं आयरन सप्लीमेंटेशन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम एनीमिया के निवारण हेतु अत्यंत महत्वपूर्ण है तथा इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। सभी विभाग आपसी समन्वय से बेहतर से बेहतर प्रयास करें। कार्यक्रम में सीडीपीओ, बीआरसीसी, बीएसी, बीपीएम, बीसीएम, ब्लॉक स्टोर इंचार्ज, सुपरवाइजर सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



### अस्पताल परिसर में तंबाकू सेवन पर सख्ती जुर्माना व काउंसलिंग से सख्त संदेश दिया

**गुना ।** जिला चिकित्सालय गुना परिसर को तंबाकू-मुक्त बनाने हेतु निरंतर सख्त कार्रवाई की जा रही है।जिला नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम विनीता सोनी ने बताया कि जिला चिकित्सालय परिसर में तंबाकू, बीड़ी एवं सिगरेट का सेवन करते पाए गए 9 व्यक्तियों पर कुल 1100 का जुर्माना अधिरोपित किया गया। कार्रवाई के दौरान कुछ महिलाएं अपने पतियों को चलानी कार्रवाई से बचाने का प्रयास करती नजर आईं, जिन्हें टीम द्वारा समझाइश व काउंसलिंग प्रदान की गई तथा नियमानुसार जुर्माना वसूला गया। कार्रवाई में अस्पताल प्रबंधक डॉ. सूरज सिंह, नमिता खादीकर, वर्षा माकोड़े, दीपक दुवे, शैलेन्द्र सिंह,आदिल खान, दीपक एवं मोनू जाटव का विशेष योगदान रहा।कार्रवाई के दौरान मौके पर 26 व्यक्तियों की काउंसलिंग की गई तथा तंबाकू छोड़ने के लिए टीसीसी केंद्र से एनआरटी भी उपलब्ध कराई गई। अभियान के सकारात्मक प्रभाव के चलते कुछ नागरिक आपस में यह कहते भी नजर आए कि अस्पताल परिसर में तंबाकू सेवन पर जुर्माना लगाया जाता है।टीम द्वारा कानून के अनुरूप सख्ती से की गई इस कार्रवाई के माध्यम से जिला चिकित्सालय परिसर को तंबाकू-मुक्त बनाने का स्पष्ट एवं कड़ा संदेश दिया गया।



### मेंटनेंस कार्य के चलते आज रहेगा विभिन्न क्षेत्रों का विद्युत प्रवाह बाधित

**गुना ।** प्रबंधक कैंट जोन विद्युत वितरण कंपनी लिमि. द्वारा दी गई जानकारी अनुसार गुना शहर अंतर्गत 33/11 केव्ही केव्ही सब स्टेशन पर एसटीसी द्वारा मेंटनेंस कार्य होने से दिनांक 28 फरवरी दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक घोसीपुरा, बांसखेडी, आजाद कॉलोनी, आदर्श कॉलोनी सैययद पुरा, लाल परेड सीताराम कॉलोनी हीराबाग कॉलोनी, गोविंद गार्डन, लूसन बगीचा, कलेक्टर परिसर एवं एसपी आफिस परिसर ऑफीसर कॉलोनी एवं कालापाठा आदि का विद्युत प्रवाह बाधित रहेगा।इसी प्रकार सहायक प्रबंधक विद्युत वितरण कंपनी लिमि. से प्राप्त जानकारी अनुसार 33/11 केव्ही केव्ही पावर हाऊस सब-स्टेशन पर बोर अर्थिंग कार्य होने से दिनांक 28 फरवरी को सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक हाटरोड, हनुमान चौराह, पुरानी गल्ला मण्डी, राधा कॉलोनी, छावडा कॉलोनी क्षेत्र का विद्युत प्रवाह बाधित रहेगा। साथ ही 11 केव्ही इण्डस्ट्रीयल एवं कुशमौदा फीडर पर विभागीय निर्माण कार्य होने से सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक पुराना औधोगिक क्षेत्र, विध्यांनचल कॉलोनी, बलवंत नगर, विकास नगर, शुक्ला कॉलोनी, खेडापति कॉलोनी, एवन कॉलोनी, गुप्ता कॉलोनी, महावीरपुरा, कस्तुरवा नगर, पोरवाल कॉलोनी एवं मारूति शोरूम के सामने वाले क्षेत्र की विधुत सप्लाई बाधित रहेगी।

# नगर पालिका विवाद: विधायक ने लगाए गंभीर आरोप

### सीएमओ को हटाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

नगर पालिका गुना में चल रहा विवाद अब राजनीतिक स्तर पर पहुंच गया है। स्थानीय विधायक पन्नालाल शाक्य ने एक प्रेस नोट जारी कर नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाते हुए प्रभारी सीएमओ पर पक्षपात और जनप्रतिनिधियों की छवि खराब करने के आरोप लगाए हैं। जारी प्रेस नोट के अनुसार 23 फरवरी 2026 को प्रभारी सीएमओ द्वारा जारी जानकारी के बाद विवाद की स्थिति बनी। विधायक ने आरोप लगाया कि उनके द्वारा की गई शिकायत को गलत तरीके से प्रस्तुत कर उनके मोहल्ले और परिवार की छवि खराब करने का प्रयास किया गया। साथ ही ऑडियो वायरल कर माहौल बिगाड़ने का भी आरोप लगाया गया है।विधायक ने कहा कि सोशल मीडिया पर वायरल ऑडियो



के माध्यम से उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की



गई। उन्होंने यह भी दावा किया कि परिषद की बैठक में विकास कार्यों से जुड़े प्रस्तावों पर असहमति के बावजूद निर्णय लिए गए, जिससे नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। प्रेस नोट में यह भी उल्लेख किया गया है कि एबी रोड के डामरीकरण सहित अन्य प्रस्तावों को लेकर परिषद में विवाद की स्थिति बनी थी।

विधायक ने आरोप लगाया कि सीएमओ, नगर पालिका अध्यक्ष और अन्य लोगों द्वारा मिलकर पार्षदों को भ्रमित करने और राजनीतिक रूप से फंसाने का प्रयास किया जा रहा है।विधायक पन्नालाल शाक्य ने मुख्यमंत्री और नगरीय प्रशासन मंत्री से मामले की जांच कराते हुए प्रभारी सीएमओ को तत्काल पद से हटाने की मांग की है। साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि उनकी छवि खराब करने वालों के खिलाफ मानहानि का मामला भी दर्ज कराया जाएगा।इस पूरे मामले के सामने आने के बाद नगर पालिका की राजनीति में हलचल तेज हो गई है और अब सभी की नजर प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी हुई है।

### एस्टीमेट तैयार कर जल्द कार्य शुरू कराने के निर्देश दिए

# कचरा कलेक्शन में लापरवाही करने पर वाहन चालक बर्खास्त

### निर्माण कार्यों को हरी झंडी मिली





हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर की स्वच्छता व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने सुबह वार्ड क्रमांक 19, 20 और 22 का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लापरवाही मिलने पर उन्होंने सख्त रुख अपनाते हुए वार्ड 19 के कचरा वाहन चालक को तत्काल सेवा से हटाने के निर्देश दिए।

वार्ड क्रमांक 19 के बलवंत नगर में निवासियों ने सीएमओ से शिकायत की थी कि कचरा वाहन नियमित रूप से नहीं आ रहा है, जिससे गंदगी पैर पसार रही है। इस पर प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी ने तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित वाहन चालक को हटाने की कार्रवाई की। उन्होंने क्षेत्रवासियों को भरोसा दिलाया कि कचरा कलेक्शन में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एजेंसी के प्रतिनिधि को भी सख्त हिदायत दी गई कि सभी वाहन दुरुस्त रहें और हर घर से कचरा उठना सुनिश्चित हो।

#### सफाई अमले और दरोगाओं को चेतावनी

प्रभारी सीएमओ ने निरीक्षण के दौरान स्पष्ट किया कि स्वच्छता अमले का मुख्य कार्य शहर को साफ रखना है और प्रशासन उनकी हर जायज मांग पूरी करता है। उन्होंने सफाई दरोगाओं और मेट को चेतावनी दी कि यदि भविष्य में सफाई व्यवस्था में व्यवधान मिला, तो जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

#### वार्डों में निर्माण कार्य होंगे

वार्ड 19 के कुशमौदा क्षेत्र के भ्रमण के दौरान पार्षद अजब बाई लोधा ने निर्माण कार्यों की आवश्यकता से अवगत कराया। सीएमओ ने मौके पर ही उपयंत्री रामवीर शर्मा को एस्टीमेट तैयार कर जल्द कार्य शुरू कराने के निर्देश दिए। इस दौरान स्वास्थ्य अधिकारी अमित आर्य, राजेश सिलवट और सिद्धिविनायक टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

# ट्रक ने मासूम को कुचला 15 वर्षीय छात्र गंभीर घायल





### शहर में बना मौत का रास्ता, हर दिन हो रहे हादसे

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

शहर की बिगड़ती ट्रैफिक व्यवस्था और बेलगाम भारी वाहनों की रफ्तार एक बार फिर मासूम की जिंदगी पर भारी पड़ गई। बजरंगगढ़ बायपास पर हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक 15 वर्षीय छात्र को तेज रफ्तार ट्रक ने कुचल दिया। हादसा इतना भयावह था कि बच्चे के शरीर का एक हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, घायल छात्र सड़क पार कर रहा था तभी अचानक आए लोडेड ट्रक ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। मौके पर मौजूद लोगों की रूह कांप गई। बच्चे की मां घटनास्थल पर चीखती-पुकारती रही, घटना के बाद मौके पर पहुंचे लोगों की मदद से गंभीर हालत में छात्र को स्ट्रेचर के सहारे एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा गया।

**हादसों का हॉटस्पॉट बना एबी रोड:** स्थानीय लोगों का आरोप है कि जिस स्थान पर दुर्घटना हुई, वहां धर्म कांटे और गोदामों के कारण दिन-रात भारी ट्रकों की आवाजाही रहती है।

नोएंट्री के आदेश केवल कागजों तक सीमित हैं, जबकि ट्रक और डंपर खुलेआम सड़कों पर फर्राटे भरते नजर आते हैं। इसी तरह से नानाखेड़ी मंडी से लेकर चिंता हरण तक शहर से गुजरने वाले मार्ग में हर दिन कोई ना कोई हादसा होता है और कई बार यहां गम्भीर हादसा घटित हो जाता है ।इसमें मासूम लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ती है।बीती रात ही एक ट्रक ने कार को टक्कर मारी और खुद डिवाइडर से जा कराया।

**बेरीकेडिंग भी बेअसर:** प्रशासन द्वारा गुना में कई स्थानों को एक्सीडेंटल जोन घोषित कर बैरिकेडिंग कराई गई, लेकिन न तो वाहनों की रफ्तार कम हुई और न ही हादसे थमे। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि “धंधे को व्यवस्था से ऊपर रखा जा रहा है”, जिसका खामियाजा आम लोगों और स्कूली बच्चों को भुगतना पड़ रहा है।

**पहले भी हो चुके हैं जानलेवा हादसे :** कुछ ही समय पहले ट्रक यूनियन के वाहन ने सड़क पर चल रहे राहगीर को कुचल दिया था, जिसमें एक युवक की मौत और तीन लोग गंभीर घायल हुए थे। लगातार हो रहे हादसों ने शहर की सड़कों को मानो ‘मौत का जाल’ बना दिया है।

**बायपास पर भारी वाहनों की एंट्री पर लगे शक्ति से रोक :** नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि बायपास पर भारी वाहनों की एंट्री सख्ती से रोकी जाए।स्थायी ट्रैफिक पुलिस तैनात की जाएस्पीड कंट्रोल और सीसीटीवी निगरानी बढ़ाई जाए।अगर समय रहते ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो अगला शिकार कौन होगा ? यह सवाल अब पूरे शहर को झकझोर रहा है।

**लोगों ने किया चक्का जाम:** घटना से आहत लोगों ने मारुति शोरूम के सामने चक्का जाम किया है। हर दूसरे तीसरे दिन शहर में हो रहे जानलेवा हादसों से नाराज लोगों का गुस्सा फूट पड़ा और उन्होंने पुलिस और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मारुति शोरूम के सामने चक्का जाम लगा दिया।

# मुनिश्री का मंगल प्रवेश हुआ समाज जनों ने की अगवानी

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

श्वेतांबर जैन समाज के श्रमण संघ गौरव राष्ट्रसंत सौरभ मुनि एवं युवा प्रेरक विज्ञान मुनि का शहर में शुक्रवार को मंगल प्रवेश हुआ। इस अवसर पर श्वेतांबर जैन समाज के लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया। महाराज द्वय स्थानीय सोनी कॉलोनी स्थित स्थानक भवन में विराजे हैं। इसके पूर्व वह गत दिवस ग्राम भदौरा गुरुद्वारा में सुखसाता पूर्वक विराजमान रहे। शहर में मंगल प्रवेश के अवसर पर महावीर श्रीमाल, विकास टाटिया, हर्षित गोलेछा, आदर्श गोखरू एवं अन्य ने महाराज द्वय की अगवानी की। उधर मठकरी कॉलोनी स्थित श्री चिंतामणि पारसनाथ जैन श्वेताबर मंदिर में वार्षिक ध्वजारोहण कार्यक्रम शनिवार से आरंभ होगा।

#### श्वेतांबर जैन मंदिर में ध्वजारोहण कार्यक्रम आज

समाज अध्यक्ष पवन कुमार जैन ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी वार्षिक ध्वजारोहण कार्यक्रम 28 फरवरी एवं 1 मार्च को मनाया जाएगा । उपरोक्त सभी कार्यक्रम प्रख्यात विधिकारक अमित मेहता द्वारा कराए जाएंगे। साथ ही ध्वजारोहण की पूर्व संध्या पर विख्यात संगीतकार गौतम भंडारी भजनों की प्रस्तुति देंगे।






### संभाग स्तरीय पुष्प प्रदर्शनी 28 से गुना मानस भवन में

**गुना ।** गुना जिले में 28 फरवरी से 1 मार्च तक संभाग स्तरीय पुष्प प्रदर्शनी का भव्य आयोजन मानस भवन में किया जाएगा। इस दो दिवसीय प्रदर्शनी में पॉलीहाउस में उत्पादित उत्कृष्ट एवं अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता के गुलाब मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेंगे।यह आयोजन उद्यानिकी विभाग के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने जिलेवासियों से अधिकाधिक सहभागिता की अपील करते हुए कहा है कि इस प्रकार के आयोजन शहरी सौंदर्य, हरित संस्कृति तथा उद्यानिकी आधारित उद्यमिता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।प्रदर्शनी में विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत पुष्पों को पुरस्कृत किया जाएगा। इनमें गमला श्रेणी, एकल पुष्प (कट फ्लावर) श्रेणी तथा व्यावसायिक कट फ्लावर (20 पुष्प) श्रेणी शामिल हैं। प्रत्येक श्रेणी को व्यक्तिगत, संस्थागत एवं व्यवसायिक वर्गों में विभाजित किया गया है।

### खनिज विभाग की कार्रवाई लगातार जारी

# दो ट्रैक्टर-ट्रॉली व एक डंपर जब्त किए गए



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशानुसार अवैध रूप से खनिजों के उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध सख्त कार्यवाही निरंतर जारी है। प्रशासन द्वारा प्राप्त शिकायतों के आधार पर संबंधित क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखते हुए छापामार कार्यवाही की जा रही है।

इसी क्रम में गुना एवं राघौगढ़ क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पिपरौदा एवं रुठियाई में अवैध उत्खनन एवं परिवहन की शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी रूठियाई एवं खनिज विभाग की संयुक्त टीम द्वारा रुठियाई में छापामार कार्रवाई के दौरान 02 ट्रैक्टर ट्रॉली द्वारा खनिज का अवैध परिवहन करते हुए पाए जाने से जब्त कर थाना रुठियाई में खड़े कराए गए है। साथ ही पिपरोदा गुना में रॉयल्टी में उल्लेखित खनिज मात्रा से अधिक खनिज गिट्टी का परिवहन होना पाए जाने से जब्त कर थाना कैंट में खड़ा कराकर संबंधित वाहनों पर वैधानिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनन एवं परिवहन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा तथा इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी। इस कार्रवाई में खनिज अधिकारी सचिन वर्मा, प्रभारी खनिज निरीक्षक विजय कुमार चक्रवर्ती तथा पुलिस बल रूठियाई सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पारंपरिक वेशभूषा में ढोल-मांदल की थाप पर आदिवासी विरासत की गूंज सुनाई दी

# रंगों, परंपराओं और विश्वास का उत्सव भगोरिया हाट मेला

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

आदिवासी संस्कृति, लोक परंपराओं और आपसी विश्वास का प्रतीक भगोरिया हाट मेला इस बार ग्राम खेरीखता में पूरे उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। मेले में पारंपरिक वेशभूषा, लोकगीतों की गूंज, ढोल-मांदल की थाप और रंग-गुलाल की खुशबू ने पूरे वातावरण को उत्सवमय बना दिया।जिला कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल स्वयं ग्राम खेरीखता पहुंचकर ग्रामीणों के बीच शामिल हुए और उन्होंने आदिवासी समाज की समृद्ध परंपराओं, संस्कृति और सामाजिक एकजुटता को करीब से महसूस किया। कलेक्टर ने ग्रामीणों से संवाद कर उनके जीवन, परंपराओं और स्थानीय व्यवस्थाओं की जानकारी भी ली।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी तथा वनमंडलाधिकारी अक्षय राठौर भी मौजूद रहे। ग्रामीणों ने अतिथियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत करते हुए तीर-कमान भेंट किए, जो आदिवासी संस्कृति में सम्मान और विश्वास का प्रतीक माना जाता है। साथ ही गुलाल लगाकर अतिथियों का आत्मीय अभिनंदन किया गया।मेले में बड़ी संख्या में आसपास के गांवों से आए युवक-युवतियों और ग्रामीणों ने पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किए। लोक वाद्ययंत्रों की धुन पर सामूहिक नृत्य ने मेले की रौनक को और बढ़ा दिया। भगोरिया हाट में स्थानीय हस्तशिल्प, कृषि उपकरण, घरेलू उपयोग की वस्तुएं तथा पारंपरिक खान-पान की दुकानों पर भी लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली।कलेक्टर कन्याल ने कहा कि भगोरिया हाट केवल मेला नहीं, बल्कि आदिवासी समाज की पहचान, सामाजिक परंपरा और सांस्कृतिक विरासत का जीवंत उदाहरण है। प्रशासन द्वारा मेले में सुरक्षा, स्वास्थ्य और स्वच्छता की समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं, जिससे ग्रामीणों ने सुरक्षित वातावरण में उत्सव का आनंद लिया।भगोरिया हाट मेले ने एक बार फिर यह संदेश दिया कि परंपराएं केवल इतिहास नहीं होतीं, बल्कि समाज की आत्मा होती हैं, जिन्हें नई पीढ़ी तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है।



## समाचार संक्षेप

### ब्लॉक कांग्रेस सेवादल ने किए स्व. आशासिंह की पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन अर्पित

**आरोन।** ब्लॉक कांग्रेस सेवादल ने ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पार्वती देवी अहिरबार एवं नगर परिषद मे विधायक प्रतिनिधि मिंटूलाल जैन एब ब्लॉक कांग्रेस सेवादल के कार्यकरताओ ने रानी माँ स्वर्गीय आशासिंहजी की 13 वीं पुण्यतिथि के अबसर पर अपने श्रदासुमन अर्पित किये एब श्री रानी माँ के व्यक्तित्व के बारे मिंटूलाल जैन, पार्वती देवी अहिरबार एब सेवादल से मनीष जैन कॉसल अपने विचार व्यक्त किये इस अबसर पर कांग्रेस पार्टी के समस्त कार्यकर्ता एब वरिष्ठ नेतागंण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन युवा एकता मंच के शिवा यादव ने एब आभार सेवादल के मनीष जैन कॉसल ने व्यक्त किया।




### आशा सिंह रानी साहिबा की पुण्य स्मृति में नेत्र एवं दंत शिविर आयोजित

**राघौगढ़।** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह की धर्मपत्नी रानी साहिबा आशा सिंह की 13 वीं पुण्यतिथि पर राघौगढ़ नगर में 60 वां निशुल्क नेत्र शिविर एवं दंत परीक्षण शिविर जैन मिलन राघौगढ़, प्रगति मानव सेवा संस्थान, ट्रक यूनियन विजयपुर, लॉयन्स नेत्र चिकित्सालय गुना के संयुक्त तत्वाधान में जन सहयोग से कोठी बाग राघौगढ़ में आयोजित किया गया। पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष, भारतीय जैन मिलन के राष्ट्रीय संरक्षक, नेत्र शिविर समिति के सचिव विजय कुमार जैन द्वारा जारी विज्ञप्ति में उल्लेख किया है निशुल्क नेत्र शिविर का भव्य शुभारंभ श्रीमती आशा सिंह के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन एवं पुष्पांजलि अर्पित कर हुआ। आरंभ में नेत्र शिविर समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र लाहोटी ने अतिथियों का स्वागत किया एवं नेत्र रोगियों को ऑपरेशन के बाद नेत्र ज्योति मिलने की कामना की। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष विजय कुमार साहू, नेत्र शिविर समिति के कोषाध्यक्ष शीतल चंद कठारी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राहुल वत्स, पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष डॉ अजित रावत, पूर्व जनपद अध्यक्ष हनुमान सिंह दावतपुरा, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम पुरी, नेत्र शिविर समिति के सह सचिव मुकेश श्रीमाल गोलू, पेंशनर संघ के अध्यक्ष आरबीएस परिहार, प्रगति मानव सेवा संस्थान के प्रशासनिक अधिकारी दिलीप अग्रवाल, नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मनीष कुमार जैन अन्ना समाजसेवी डॉ फरीद उद्दीन, नरेन्द्र वास्त्री पार्षद पति कुलदीप कश्यप, लायंस नेत्र चिकित्सालय गुना के डॉक्टरों सहित पूरी टीम, दंत चिकित्सक डॉक्टर अखलाक अहमद, डॉक्टर साहिब अली, डॉक्टर अंशुल सिंह राठौर, डॉ रिया जैन उपस्थित थे। नेत्र शिविर में कुल 680 नेत्र रोगियों का परीक्षण किया गया। जिनमें कुल 115 मोतियाबिंद के मरीजों का चयन कर आपरेशन के लिये लायंस नेत्र चिकित्सालय गुना भेजा गया। दंत शिविर में कुल 85 दंत रोगियों का परीक्षण कर निशुल्क दवा में प्रदान की गई। निस्वार्थ सेवा प्रदान करने बाले दंत चिकित्सकों एवं भारत मेडिकल एजेंसी के संचालक इमरान भाई को समिति की ओर से सम्मान प्रतीक प्रदान कर सम्मानित किया।




विशेष पुलिस थाना अजाक की पहल

# गादेर चक्क की सहरिया बस्ती एवं इंद्रा आवास बस्ती गादेर में जागरुकता शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

गुना पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के सशक्त, संवेदनशील एवं मानवीय नेतृत्व में जिले में अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के लोगों के अधिकारों के संरक्षण एवं सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में निरंतर प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन एवं प्रभारी डीएसपी अजाक विवेक अष्ठाना के पर्यवेक्षण में विशेष पुलिस थाना अजाक प्रभारी निरीक्षक श्री ओ.पी. आर्य द्वारा अपने स्टाफ सहित धरनावदा थानांतर्गत ग्राम गादेर चक की सहररिया बस्ती चक्क एवं इंद्रा आवास बस्ती गादेर में अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के लोगों के बीच जनचेतना शिविरों का आयोजन किया गया। शिविरों के दौरान अजाक थाना प्रभारी द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को अनुसूचित जाति/जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम (SC/ST Act) के प्रावधानों, पीड़ितों को मिलने वाली राहत राशि, शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं तथा जाति प्रमाणपत्र बनवाने की प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई एवं बताया गया कि किसी भी प्रकार के अत्याचार, भेदभाव या शोषण की स्थिति में पीड़ित व्यक्ति तत्काल पुलिस को सूचना दें, ताकि समय रहते वैधानिक एवं प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जा सके। साथ ही उनके हितार्थ शासन द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। गुना पुलिस का उद्देश्य ऐसे शिविरों के माध्यम से समाज के कमजोर वर्गों का उत्थान कर सशक्त बनाना, उनमें विश्वास का वातावरण निर्मित करना एवं उन्हें उनके विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक करना है। शिविरों के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनी गईं तथा उनके समाधान हेतु आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणजनों द्वारा गुना पुलिस के इस प्रयास की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की गई।




### पूर्व में सुर्खियों में रहा मामला फिर गरमाया बीईओ कार्यालय के चक्कर काटने को मजबूर सेवा निववृत्त कर्मचारी

- घोटालों में नामजद बाबू फिर बैठे नजर आए,
- जनसुनवाई में शिवराज सिंह ने लगाई न्याय की गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांचौड़ा

पूर्व में सुर्खियों में रहे बीईओ कार्यालय से जुड़ा एक मामला एक बार फिर चर्चा में है। शासकीय प्राथमिक विद्यालय कुंभराज से प्रधानाध्यापक पद से 31 दिसंबर 2021 को सेवानिवृत्त हुए शिवराज सिंह राजपूत आज भी अपने वैधानिक अधिकारों के लिए कार्यालयों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं।

शिवराज सिंह राजपूत ने जनसुनवाई में आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि सेवानिवृत्ति के पश्चात वे निरंतर सेवा अभिलेख (मूल सेवा पुस्तिका) की प्रमाणित प्रति उपलब्ध कराने तथा अर्जित अवकाश के भुगतान के लिए आवेदन दे रहे हैं, लेकिन आज दिनांक तक न तो सेवा पुस्तिका की प्रमाणित प्रति उन्हें दी गई है और न ही अर्जित अवकाश का भुगतान किया गया है। प्रार्थी ने बताया कि वे



एक विधुर वरिष्ठ नागरिक हैं तथा स्वास्थ्य भी ठीक नहीं रहता। ऐसे में आर्थिक व मानसिक रूप से उन्हें अत्यधिक कष्ट झेलना पड़ रहा है। आरोप है कि बीईओ कार्यालय में पदस्थ अधिकारी-कर्मचारियों की हठधर्मिता एवं अनावश्यक विलंब के कारण उनका भुगतान लंबित रखा गया है।आवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि अशोक चंदेल द्वारा मूल सेवा पुस्तिका जिला कोषालय से लाकर कार्यालय में रखी जा चुकी है, जिसकी पावती भी संलग्न है। इसके बावजूद अब तक प्रक्रिया पूर्ण नहीं की गई, जिससे प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

## आशा सिंह की 13वीं पुण्यतिथि पर किए श्रद्धासुमन अर्पित




हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन

समस्त कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकरताओ ने अहिरवार धर्मशाला पर रानी माँ स्वर्गीय श्रीमति आशासिंहजी की 13 वीं पुण्यतिथि के अबसर पर अपने श्रदासुमन अर्पित किये।श्री रानी माँ के व्यक्तित्व के बारे हीरालाल अहिरवार जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि आरोन, बंटी राजपूत, रामकृष्ण दैलवार प्रदेश महासचिव अ.सा.सा, ने प्रकायश डाला। इस मौके पर गंगाराम अहिरवार पूर्व सरपंच कुमरयाई, तीरथ अहिरवार पार्षद प्रतिनिधि सोनू ग्वाल, घनश्याम भगजजी, दीपक अहिरवार धर्मशाला अध्यक्ष आरोन, धमेन्द्र धाकड़ हुसैनपुर, राकेश अहिरवार पूर्व धर्मशाला अध्यक्ष, आदिल मिर्जा, हिम्मत कुशवाहा, कमल अहिरवार युवा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष, अर्जुन मीना, फरदीन मिर्जा, रामकृष्ण अहिरवार इस अबसर पर कांग्रेस पार्टी के समस्त कार्यकर्ता एब वरिष्ठ नेतागंण उपस्थित।

# शहीद चंद्रशेखर आजाद के शहादत दिवस पर हुई पुष्पांजलि सभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आरोन

27 फरवरी को भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान क्रांतिकारी शहीद चंद्रशेखर आजाद के शहादत दिवस के अवसर पर स्थानीय दास हनुमान मंदिर चौराहे पर क्रांतिकारी पार्टी एस यू सी आई (सी)द्वारा पुष्प अर्पण कार्यक्रम किया गया।पुष्पांजलि सभा को संबोधित करते हुए क्रांतिकारी पार्टी के कार्यालय सचिव महेंद्र नायक ने कहा कि आज हम यहां पर चंद्रशेखर आजाद को याद कर रहे हैं।महान पुरुषों को याद करने का मतलब केवल यह नहीं होता कि हम उनकी तस्वीर रखकर उनके चित्र पर दो फूल चढ़कर अपनी कर्तव्य की इति श्री कर ले वरन महान पुरुषों को सही श्रद्धांजलि होती है, उनके विचारों को आत्मसात करना उनके विचारों को अपने जीवन में लागू करना। ताकि जो रास्ता उन्होंने हमें दिखाया है हम भी उस पर चल पाए।आज जब लगातार पाठ्यक्रमों से सरकारें षडयंत्रों के तहत स्वतंत्रता संग्राम के महान क्रांतिकारियों और नवजागरण काल के महापुरुषों को हटा रही है, जनता के बीच उनकी छवि को आतंकवादी कहकर धूमिल करने का प्रयास कर रही है।ऐसे समय में आम जनमानस का दायित्व और बढ़ जाता है कि और जोर-शोर से ऐसे महान व्यक्तियों को गली-गली तक मनाया जाए। बच्चे बच्चे में उनके विचारों को ,उनके आदर्शों को स्थापित किया जाए। आज की युवा पीढ़ी जिस तरीके से नशा, अश्लीलता अप संस्कृत में डूब कर अपने आप को खत्म करने पर उतारू है। छोटी सी बच्ची से लेकर बुजुर्ग महिला तक के साथ रेप और गैंग रेप जैसी घटनाएं सरेआम हो रही हैं ,बुजुर्ग माता-पिता को बच्चे वृद्ध आश्रम में छोड दे रहे हैं।ऐसे दम घोंटू माहौल में चंद्रशेखर आजाद सरीखे महान क्रांतिकारी और महान मनुष्यों के विचार एक मशाल के तौर पर हमें रास्ता दिखाने का प्रयास करते हैं। मध्यप्रदेश में ही जन्मे आजाद के शहादत दिवस पर किसी तरीके का आयोजन मध्यप्रदेश सरकार की तरफ से उनकी याद में ,उनके नाम को लेकर नहीं किया गया। हां चुनाव के समय वोट बटेरू राजनीति के लिए जरूर नेता उनको याद करते हैं पर दिल से इनके लिए उनके मन में कोई श्रद्धा नहीं है। चंद्रशेखर आजाद जिस संगठन के नेता थे उसका नाम था हिंदुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन।जिस समाज की स्थापना का सपना चंद्रशेखर आजाद ने देखा था आज वह सपना अभी भी अधूरा है।

क्रांतिकारी पार्टी इस समाज की स्थापना के लिए लगातार संघर्षरत है।आप सभी से भी हमारी अपील है कि हम चंद्रशेखर आजाद के दिवस पर हम शपथ लें कि जिस समाजवादी समाज को बनाने का सपना चंद्रशेखर आजाद ने देखा था उस सपने को पूरा करने के संघर्ष में हम भी आगे आए।पुष्पांजलि सभा का संचालन असपंत अहिरवार ने किया।




# महाविद्यालय पिपरई ने राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर का किया आयोजन





हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरई

शुक्रवार को स्वयंसेवकों द्वारा प्रांगण में स्वच्छ्ताकार्यक्रम , डायरी लेखन, गीत गायन का कार्य किया, आज के बौद्धिक सत्र में जनभागीदारी समिति अध्यक्ष रविंद्र शुक्ला के द्वारा बौद्धिक सत्र की अध्यक्षता की गई, कार्यक्रम में मुख्यवक्तता अशोकनगर जिले के पत्रकार हितेंद्र बुधोलिया उपस्थित रहे,।

उनके द्वारा स्वयंसेवकों को पत्रकारिता के क्षेत्र में रोजगार के अवसर, पत्रकारिता से समाज से कैसे जुडा जाता है, कैसे आज जनता की आवाज पत्रकारिता में उठाई जाती है बताया गया, साथ ही पत्रकारिता के कोर्स के संबंध में भी जानकारी दी गई, आज के कार्यक्रम में मोतीलाल धाकरे द्वारा भी स्वयंसेवकों को सम्बोधित किया गया। जनभागीदारी अध्यक्ष रविंद्र शुक्ला द्वारा भी विद्यार्थियों को आशीष वचन दिए गए, कार्यक्रम में प्राचार्य राजमणि यादव द्वारा सभी अतिथियों को राष्ट्रीय सेवा योजना का वेज लगाकर स्वागत किया गया, मुख्यवक्तता हितेंद्र जी बुधोलिया जी का जनभागीदारी अध्यक्ष शुक्ला द्वारा एनएसएस डायरी और एनएसएसै केप से स्वागत किया गया।

एनएसएस के स्वयंसेवकों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें पर्यावरण संरक्षण, नशामुक्ति का सन्देश दिया गया स इस बौद्धिक सत्र में मंगलेश शर्मा, नवीन तिवारी तथा प्राचार्य राजमणि यादव एवं डॉ शिवनारायण मिश्रा, डॉ मुकेश शर्मा, डॉ सुनीता जैन, निकिता चैरसिया, डॉ हेमंत कुमार, मुकेश बाबू, अनिल कुमार,डॉ गायत्री प्रजापति,डॉ संतोष चैहान सहित समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा। साथ ही समस्त स्वयंसेवक की कार्यक्रम में सहभागिता रही,कार्यक्रम का संचालन डॉ सुनील कुमार शर्मा कार्यक्रम अधिकारी द्वारा किया गया।



### राजस्थानी जहाज ने अब मध्यप्रदेश में प्रवेश किया

**अशोकनगर।** राजस्थान का जहाज कहाने वाले ऊंट और भेड़ों के काफिले राजस्थान की भूमि से अब मध्यप्रदेश के अशोकनगर जिले की भूमि पर आना चालू हो गए हैं। यह मारवाड़ी पशु पालक अपने पशुओं को हरा भरा चारा मिल सके इसकी तलाश में राजस्थान से होते हुए मध्यप्रदेश में हर वर्ष आते हैं। यह पशुपालक जंगली क्षेत्र में या खाली पड़े खेतों में अपनी भेड़ों और ऊंटों को रखते हैं। वहां हरे भरे पेड़ो से पत्तियों का सेवन करवाते हैं। इन पशुओं को वन भूमि पर भी देखा जा सकता है जिससे कि जगंल की हरियाली और राजस्व भूमि की हरियाली को नुकसान पहुंचने का अंदेशा रहता है। हर वर्ष शासन कईं योजनाओं के तहत पौधों का रोपण करती है जिससे कि मध्यप्रदेश की भूमि हरी भरी रह सके। जंगल हरे भरे हो सकें। बारिस से पूर्व यह पशु पालक अपने पशुओं को लेकर पुनः राजस्थान को वापिस चले जाते हैं।



# आमलकी एकादशी को गीताजी के दूसरे अध्याय सांख्य योग का पाठ किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

ग्राम पिपरेसरा में ग्राम वासियों द्वारा आमलकी एकादशी को गीताजी के दूसरे अध्याय सांख्ययोग का पाठ किया गया जिसमें जिसमें आत्मा की चैरासी लाख योनियां आत्मा अविनाशी, शरीर नाशवान है। अपने कर्मो का फल सबको मिलता इसलिए हमको शुभ कर्म करना चाहिए, जैसे जल में चलने वाली नाव को वायु हर लेती है, ठीक उसी प्रकार मन जिस इन्द्रिय के साथ रहती है वह एक नही इन्द्रिय इस आयुक्त पुरुष की बुद्धि को हर लेती है। मौजूद ग्राम वासियों में प्रदेश अध्यक्ष वीरभानसिंह यादव, भगवतसिंह यादव, पटेल गोविंदसिंह यादव, शिक्षक उदयभानसिंह यादव, अनंतसिंह यादव, बाबाजी अनरतसिंह यादव, शिशुपालसिंह यादव, गजरामसिंह यादव, लाखनसिंह यादव, ऊधमसिंह कुशवाह,जोतसिंह यादव, परमालसिंह कुशवाह, राजकुमार यादव, डॉ शीलकुमार यादव, विजयकुमार यादव, छोटेलाल आदि रहे मौजूद।



### डीईओ द्वारा विकासखंड ईसागढ़ के परीक्षा केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया

**अशोकनगर।** जिला शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर सिसोदिया द्वारा शुक्रवार को जिले में संचालित हाई स्कूल परीक्षा प्रश्न पत्र विज्ञान का आकस्मिक निरीक्षण विकासखंड ईसागढ़ के बोर्ड परीक्षा केंद्र शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कदवाया, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ईसागढ़, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ईसागढ़, शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ईसागढ़ , जीवन ज्योति कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल ईसागढ़ पहुंच कर किया गया। आकस्मिक निरीक्षण के दौरान सभी केंद्रो पर मूलभूत सुविधाएं एवं व्यवस्थाएं सही पाई गई और परीक्षा विधिवत एवं शांतिपूर्ण ढंग से संचालित पाई गई, किसी भी परीक्षा केंद्र पर कोई नकल प्रकरण नहीं पाया गया।



## 3 वर्षीय मासूम को घायल किया

# अशोकनगर में पालतू कुत्तों का आतंक, दहशत में रहवासी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शहर की टीचर्स कॉलोनी में एक पालतू कुत्ते के हमले से दहशत का माहौल बन गया है। शुक्रवार को कॉलोनी निवासी सोनू रघुवंशी के 3 वर्षीय पुत्र आर्यवर्धन पर पालतू कुत्ते ने अचानक हमला कर दिया, जिससे बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने तत्काल उसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया।

स्थानीय रहवासियों का आरोप है कि संबंधित कुत्ता पहले भी लगभग 10 लोगों को काट चुका है। इसके बावजूद अब तक कुत्ते के मालिक के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई थी। घटना के बाद कॉलोनीवासियों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने नगरपालिका प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की। टीचर्स कॉलोनी, जो कि उज्जवल स्कूल के पास स्थित है, में बच्चों और बुजुर्गों का घर से



निकलना मुश्किल हो गया था। रहवासियों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही नगरपालिका अमला मौके पर पहुंचा और क्षेत्र से कुत्तों को पकड़कर ले गया। प्रशासन ने आश्वासन दिया है कि आगे ऐसी घटनाएं न हों, इसके लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। कॉलोनीवासियों ने मांग की है कि पालतू पशु मालिकों पर सख्ती बरती जाए और भविष्य में इस तरह की लापरवाही पर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### एस.बी.आई आरसेटी अशोकनगर द्वारा संचालित घरेलू अगरबत्ती निर्माण प्रशिक्षण संपन्न

**अशोकनगर।** एस.बी.आई आरसेटी अशोकनगर द्वारा ग्राम हिरावल ब्लॉक चंदेरी में संचालित 12 दिवसीय घरेलू अगरबत्ती निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन शुक्रवार को किया गया। प्रशिक्षण बैच का मूल्यांकन हरीश श्रीवास्तव एवं किरण श्रीवास्तव द्वारा किया गया। समापन अवसर पर एस.बी.आई आरसेटी निर्देशक द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को बैंकिंग प्रक्रियाओं की जानकारी देते हुए प्रमाण पत्र वितरित किये एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के समापन पर प्रशिक्षणार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रशिक्षण का लाभ उठाया और भविष्य में स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर एस.बी.आई आरसेटी जितेंद्र बिरथरे संकाय और ऑफिस असिस्टेंट प्रवेश सुमन उपस्थित रहे।

# थाना देहात की त्वरित कार्रवाई, नाबालिग से दुष्कर्म करने वाला आधा घंटे में गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोकनगर गजेन्द्र सिंह कंवर एवं एसडीओपी अशोकनगर विवेक शर्मा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी देहात उप निरीक्षक भुवनेश शर्मा द्वारा नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। उल्लेखनीय है कि 27 फरवरी को एक नाबालिग पीड़ति द्वारा थाना देहात पर उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि वह अपने परिचित मित्र के साथ



अखेबर मंदिर घूमने गई थी। इसी दौरान जब उसका मित्र भोजन लेने गया, तब आरोपी सोनू यादव द्वारा पीड़ति को अकेला पाकर जबरन झाड़ियों की ओर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया गया। पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 129/25 धारा 64(1) बीएनएस, 3/4 पॉक्सो एक्ट एवं 3(1)(-पप), 3(2व्ही) एससी एसटी एक्ट के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए थाना प्रभारी देहात उप निरीक्षक भुवनेश शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी सोनू पुत्र चंद्रभान सिंह यादव, उम्र 24 वर्ष, निवासी ग्राम डोंगरा पछार को घटना के लगभग आधे घंटे के भीतर ही गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

# डॉ. अशोक कुमार जैन की स्मृति में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित



**पिपरई।** शुक्रवार को स्वर्गीय डॉ. अशोक कुमार जैन की पावन स्मृति में एक विशाल निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस सेवा कार्य में नगर के सभी चिकित्सकों एवं समाजसेवियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। शिविर में डॉ. विनोद जैन जी तथा डॉ. संदीप कुमार जैन (एमडी पैथोलॉजिस्ट) के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। ब्लड डोनेशन टीम के सहयोग से 25 सदस्यों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक राव बृजेन्द्र सिंह भी उपस्थिति रहे, जिन्होंने इस सेवा कार्य की सराहना की। शिविर में मरीजों की निशुल्क जांच, ईसीजी परीक्षण, पैथोलॉजी जांच तथा मुफ्त दवाइयों का वितरण किया गया। बड़ी संख्या में पहुंचे मरीजों का सफलतापूर्वक उपचार कर उन्हें स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी दिया गया। यह शिविर स्वर्गीय डॉ. अशोक कुमार जैन जी की समाजसेवा की भावना को आगे बढ़ाने का एक प्रेरणादायक प्रयास रहा, जिसने पूरे नगर में सेवा और सहयोग का संदेश दिया।

**न्यायालय अपर कलेक्टर जिला विदिशा (म.प्र.)**

0051/ निगरानी/2025-26/34/ 20/2/26

हल्कैया उर्फ हल्वो पुत्र हरलाल अहिरवार निवासी शिव मंदिर के पास 17 निशातपुरा, हुजूर, भोपाल ................ निगरानीकर्ता

विरुद्ध

1. रामवती बाई पुत्री भुज्जा पत्नी गुलाब निवासी मुंगावली जिला अशोकनगर 2. धनोबाई पुत्री परमोला पत्नी प्रताप निवासी जरसईया तहसील मुंगावली जिला अशोकनगर 3. खुगनो बाई पुत्री परमोला पत्नी रतिराम निवासी ग्राम इकोतिया तहसील मुंगावली जिला अशोकनगर ................ गैरनिगरानीकर्तागण

विज्ञप्ति (सूचना प्रकाशन)

एतद द्वारा गैरनिगरानीकर्तागण रामवती बाई पुत्री भुज्जा पत्नी गुलाब निवासी मुंगावली जिला अशोकनगर, धनोबाई पुत्री परमोला पत्नी प्रताप निवासी जरसईया तहसील मुंगावली जिला अशोकनगर, खुमनो बाई पुत्री परमोला पत्नी रतिराम निवासी ग्राम इकोतिया तहसील मुंगावली जिला अशोकनगर को सूचित किया जाता है कि, निगरानीकर्ता द्वारा उपखण्ड अधिकारी सिरोंज का प्रकरण क्रमांक 0209 / अपील/2024-25 में पारित आदेश दिनांक 19.05.2025 व मामले हल्कैया उर्फ हल्के बनाम शिशुपाल के विरूद्ध इस न्यायालय में निगरानी प्रस्तुत की है। इस निगरानी प्रकरण की सुनवाई तारीख 10.03.2026 को न्यायालय अपर कलेक्टर, कक्ष क्रमांक 204, कंपोजिट भवन, स्वामी विवेकानंद चौराहा विदिशा पर होगी। निश्चित तारीख को गैर-निग, स्वयं या अभिभाषक के माध्यम से नियत तिथि को प्रातः 11:00 बजे उपस्थित होवे। नियत तिथि पर अनुपस्थिति की दशा में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी। मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय की मुहर से आज दिनांक 20/02/2026 को जारी किया गया।

**अपर कलेक्टर जिला विदिशा म.प्र.**

## खबर संक्षेप

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत मंदसौर मिल क्षेत्र निवासी सपना अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मिथुन कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत महल मोहल्ला शाढ़ौरा निवासी बृजेश माथुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सौरभ और राज अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के शाढ़ौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत शाढ़ौरा निवासी मनीराम जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी ओमप्रकाश रजक ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नावनी निवासी विष्णु कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी परगट सिंह सरदार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

**अशोकनगर।** सिटी कोतवाली अशोकनगर के अंतर्गत हरियाली साहू निवासी अमर मैरिज गार्डन के पास ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके पति दिनेश साहू ने दहेज की मांग को लेकर शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया, उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### शांति समिति की बैठक अब 28 फरवरी को

**अशोकनगर।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट साकेत मालवीय की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक का आयोजन 27 फरवरी 2026 को सायं 04 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में किया गया था, उक्त बैठक अब 28 फरवरी 2026 को दोपहर 03 बजे से आयोजित की गई है।

### बाईक की टक्कर से एक घायल

**अशोकनगर।** जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत हाटकापुरा निवासी सुरेश चन्द्र जैन ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि धारासिंह लोधी निवासी गोरा सेहराई ने अपनी बाईक को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसे टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आई हैं। पुलिस ने उक्त बाईक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### अज्ञात चोर मंदिर से आभूषण चोरी कर ले गए

**अशोकनगर।** जिले के कदवाया थाने के अंतर्गत कदवाया निवासी पुष्पेन्द्र भार्गव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बालाजी मंदिर ग्राम अन्होरा दिवान से अज्ञात चोर रात्रि में मंदिर में घुसकर हनुमान जी की मूर्ति पर से चांदी का मुकुट, हार, लॉकेट आदि सामान चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### सिंध नदी से अवैध रेत का उत्खनन

**अशोकनगर।** जिले की सिंध नदी में अवैध रेत उत्खनन का मामला सामने आया है। ग्राम सोंवत हिगोनिया क्षेत्र में पोकलेन/पंडुब्बी मशीन लगाकर बड़े पैमाने पर रेत निकासी किए जाने की शिकायत जिला प्रशासन से की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, खेजरा कलां निवासी सौरभ पुत्र पप्पू रघुवंशी द्वारा सिंध नदी में मशीन लगाकर डम्परों के माध्यम से खुलेआम रेत का उत्खनन एवं परिवहन किया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि निकाली गई रेत को ऊँचे दामों पर बेचा जा रहा है, जिससे शासन को राजस्व की हानि हो रही है तथा नदी के पर्यावरण पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ग्राम पंचायत मसीदपुर के सरपंच प्रतिनिधि देवराज सिंह रघुवंशी ने जिला खनिज अधिकारी, अशोकनगर को लिखित शिकायत देकर तत्काल जांच और कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि एक ओर शासन द्वारा गरीबों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सीमित मात्रा में रेत उपलब्ध कराई जाती है, वहीं दूसरी ओर खुलेआम मशीनों से बड़े पैमाने पर उत्खनन किया जाना चिंताजनक है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि एक सप्ताह के भीतर अवैध रूप से संचालित मशीनें नहीं हटाई गईं और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं की गईं, तो वे सामूहिक रूप से कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपेंगे।

---

वर्तमान जगह पर नहीं हो पा रहा है शाखाओं का ठीक से संचालन

# जिला मुख्यालय पर एसपी कार्यालय के लिए नए स्थान की तलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

कलेक्टर और एसपी कार्यालय दोनों वर्तमान में एक ही भवन में कंपोजिट कार्यालय के रूप में लग रहे हैं इन दोनों कार्यालय के अलावा जिला मुख्यालय के कई विभाग भी इसी भवन में लग रहे हैं जिसके कारण पुलिस अधीक्षक कार्यालय को जगह की कमी का सामना करना पड़ रहा है जिसे लेकर एसपी कार्यालय को नए स्थान की तलाश की जा रही है।

अशोकनगर जिला मुख्यालय पर जो नया कलेक्ट्रेट कार्यालय 2017 में बना था इस भवन में कंपोजिट कार्यालय होने के कारण सभी कार्यालय को एक साथ लगाया जाना था लेकिन जिन कार्यालय को वहां लगना था वह कार्यालय पहले ही अपनी-अपनी जगह अपने-अपने भवन बना चुके हैं और एसपी कार्यालय को इसी भवन में रखा गया है, जबकि भवन का निर्माण होते समय इसके दो खंड होना चाहिए था। एक खंड में कलेक्टर कार्यालय और दूसरे खंड में पुलिस अधीक्षक कार्यालय, लेकिन ऐसा नहीं हुआ, दोनों को संयुक्त रूप से मिलकर एक ही भवन में कार्यालय बना दिए गए। पूरे भवन के बाहर कहीं भी भवन निर्माण होते समय यह नहीं लिखा कि यह कलेक्टर कार्यालय के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय है। इस कारण पुलिस विभाग को अलग से अपने कार्यालय का नाम लिखना पड़ रहा है। जिस जगह यह कलेक्टर कार्यालय बना है पहले यह भूमि पुलिस विभाग की हुआ करती थी पुलिस विभाग से राजस्व विभाग के लिए स्थानांतरित हुई उसके बाद कलेक्टर कार्यालय बना लेकिन जिस पुलिस विभाग में भूमि दी उसी पुलिस विभाग को अपने विभाग के कार्यालय के लिए परेशान होना पड़ रहा है।







## पडरिया पुलिस लाईन में है वहां की मांग की है

इस संबंध में विकल्प सामने आ रहे हैं उसमें पहला विकल्प तो यह है कि पुलिस लाइन से लगा हुआ स्थान जहां कभी न्यायालय लगा करता था, वह भवन घटिया निर्माण के कारण जमी दोज हो गया था और न्यायालय उक्त स्थान से नए स्थान पर परिवर्तित हो गया है लेकिन उक्त स्थान की भूमि इस विभाग के काम नहीं आ रही है ऐसे में पुलिस अधिकारियों की मंशा है कि उक्त भवन को जो पुलिस लाइन से लगा हुआ है, अगर पुलिस अधीक्षक कार्यालय के लिए प्रदान कर दिया जाए तो यहां आसानी से पुलिस अधीक्षक कार्यालय लग सकता है और यहां नया भवन आकार ले सकता है। क्योंकि इसी स्थान पर पुलिस लाइन तो है ही साथ में पुलिस विभाग के आवासीय क्वार्टर भी है। सामने ही जेल भवन है यहां से कोतवाली भी नजदीक पड़ता है इस तरह की सुविधाओं को लेकर इस स्थान को नए एसपी कार्यालय के लिए विकल्प के रूप में रखा गया है

### 2017 के तत्कालीन एसपी कंपोजिटव भवन में कार्यालय लगाने तैयार नहीं थे

अशोकनगर में जब कलेक्टर कार्यालय के साथ एसपी कार्यालय लगाने की बात आई थी तब भी यहां के पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह गौर अपना कार्यालय इस नए भवन में ले जाने के प्रति तैयार नहीं थे लेकिन बाद में यह कार्यालय इसी भवन में लगने लगा, तब से आज तक इसी भवन में लगता आ रहा है। अशोकनगर पुलिस अधीक्षक कार्यालय को लेकर पुलिस विभाग के अधिकारी नए स्थान की तलाश कर रहे हैं जो पुलिस विभाग के लिए सुविधाजनक हो।

### पुलिस कंट्रोल रूम के साथ पुराना तहसील का स्थाना भी बेहतर विकल्प है

इसी प्रकार पुलिस विभाग के पास जहां पुलिस कंट्रोल रूम है वहां का स्थान भी एसपी कार्यालय के लिए बेहतर है यह स्थान बाईपास रोड पर है। यहां कार्यालय अगर स्थापित होता है तो और भी अच्छा होगा, क्योंकि यहां एक साथ पुरुष कंट्रोल रूम के साथ इस एसपी कार्यालय को भी आसानी से लगाया जा सकता है। तीसरे विकल्प के रूप में यह है कि वर्तमान में पुराना तहसील भवन है। यह तहसील भवन 70 वर्ष पुराना हो गया है, कई जगह से जीर्ण क्षीर्ण होगया है, उसके स्थान पर नया तहसील भवन बनकर तैयार है। इस पुराने भवन का उपयोग अगर पुलिस अधीक्षक कार्यालय के लिए किया जाए तो बेहतर होगा। यहां से कलेक्टर कार्यालय के बीच में दूरी कम होगी, देहात थाना, कोतवाली, पुलिस लाइन भी दूर नहीं होगी इसका बेहतर उपयोग भी हो सकेगा।

## तहसील भवन को कलेक्ट्रेट भवन में ही लगाया जा सकता है

इसी प्रकार अगर प्रशासन चाहे तो नया तहसील भवन जो बना है वह एसपी कार्यालय को प्रदान कर दिया जाए और एसपी कार्यालय जहां लग रहा है वहां राजस्व विभाग के एसडीएम कार्यालय तहसीलदार और नायब तहसीलदार कार्यालय आसानी से संचालित हो सकते हैं। यानी पूरा राजस्व विभाग एक स्थान पर आ सकता है और यहां आने वाले लोगों को एक ही विभाग संबंधी सभी सुविधाएं मिल सकती हैं। लेकिन यह सब तब होगा जब स्थानीय जनप्रतिनिधि तथा यहां के अधिकारी आपस में एक समन्वय स्थापित कर इस कार्य को अंजाम दें। इससे आम जनता परेशान नहीं होगी पक्षकार भी परेशान नहीं होंगे तथा सुविधा भी होगी और शहर के नागरिकों को तथा जिले भर के लोगों को कार्यालय पास में होने से समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ेगा।

### प्रयास कर रहे हैं

जिला मुख्यालय पर नए एसपी कार्यालय भवन को लेकर स्थान का चयन किया जा रहा है पुराना न्यायालय भवन जो पुलिस लाईन पड़रिया से लगा है तथा यह भवन गिर गया है। इस संबंध में न्याय विभाग से चर्चा की गई। पुलिस कंट्रोल रूम और पुरानी तहसील भी उपयुक्त स्थान के रूप में बेहतर है। हम इस संबंध में प्रयास कर रहे हैं।

**राजीव कुमार,** मिश्रा एसपी अशोकनगर

---

आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प

## चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि पर शिक्षकों ने किया नमन



**मुंगावली।** महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि के अवसर पर आजाद अध्यापक शिक्षक संघ अशोकनगर ब्लॉक इकाई मुंगावली द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संघ के पदाधिकारियों एवं शिक्षकों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा दो मिनट का मौन रखकर उनके बलिदान को याद किया। वक्ताओं ने आजाद के जीवन संघर्ष, साहस और राष्ट्रभक्ति पर विस्तार से प्रकाश डाला। संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष प्रेम नारायण तिवारी ने कहा कि आजाद ने अपना सम्पूर्ण जीवन देश की स्वतंत्रता के लिए समर्पित कर दिया। उनका "आजाद" रहने का संकल्प और मातृभूमि के प्रति अटूट समर्पण युवाओं के लिए सदैव प्रेरणास्रोत रहेगा। ब्लॉक अध्यक्ष तिलक सिंह दांगी ने अपने संबोधन में कहा कि आजाद का जीवन त्याग, साहस और आत्मसम्मान की मिसाल है। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे विद्यार्थियों को स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्षों से अवगत कराएं ताकि उनमें राष्ट्रप्रेम और कर्तव्यनिष्ठा की भावना विकसित हो। ब्लॉक कार्यकारिणी अध्यक्ष निर्भय सिंह भाटी ने कहा कि आज के समय में भी हमें अन्याय और भ्रष्टाचार के विरुद्ध सजग रहकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास करना चाहिए।

### कुएं में गिरने से दो वर्षीय मासूम की मौत

**अशोकनगर।** जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के पीपलखेड़ा गांव में गुरुवार शाम एक दर्दनाक हादसे में दो साल के मासूम की पानी में डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद गांव में शोक की लहर है। मृतक बालक को बहादुरपुर स्वास्थ्य केंद्र ले जाएगा जहां से सब परीक्षण हेतु अशोकनगर जिला अस्पताल भेजा गया। जानकारी के अनुसार, मृतक रूद्रक्ष यादव (2) पुत्र शिवेंद्र यादव अपने घर के बाहर खेल रहा था। खेलते-खेलते वह घर से कुछ दूरी पर स्थित



खुले कुएं के पास पहुंच गया और अचानक संतुलन बिगड़ने से कुएं में जा गिरा। काफी देर तक जब बच्चा परिजनों को दिखाई नहीं दिया तो उन्होंने उसकी तलाश शुरू की। आसपास खोजबीन के दौरान परिजनों ने कुएं में झांककर देखा, जहां रूद्रक्ष पानी में पड़ा मिला। परिजनों और ग्रामीणों की मदद से बच्चे को तत्काल कुएं से बाहर निकाला गया और निजी वाहन से जिला अस्पताल अशोकनगर ले जाया गया। वहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। देर शाम अस्पताल में पोस्टमार्टम की कार्रवाई पूरी कर शव परिजनों को सौंप दिया गया।

---

## पंचमुखी हनुमान मंदिर पर श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से मनाया एकादशी व्रत




हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

यादव कॉलोनी स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर श्रद्धालुओं द्वारा भक्ति भाव से मनाया गया रंग भरी एकादशी अमल की एकादशी व्रत का महापर्व। इस अवसर पर महिलाओं ने बड़े ही भक्ति भाव से आंवला वृक्ष की पांच उपचार से पूजन की साथ-साथ में केला तुलसी विलव पत्र आदि की भी पूजन पुजारी किशन लाल मिश्रा ने करवाई।

पुजारी किशन लाल ने बताया कि पुराणों में इनकी मत्रों सहित पूजन की जाती है बिगर बिलवपत्र के भगवान शिव शंकर पूजन स्वीकार नहीं करते बिगर केला पूजन के गुरुदेव प्रसन्न नहीं होते भगवान श्री कृष्ण को भी तुलसी पत्र प्रिय है सूर्य देव को अर्क वृक्ष चाहिए चंद्र देव को पलाश छैला वृक्ष चाहिए मंगल देव को खैर वृक्ष चाहिए बुद्धदेव को चिड़चिड़ा वृक्ष चाहिए। शुक्र देव को उमर वृक्ष चाहिए शनि देव को शमी वृक्ष चाहिए गणपति देव को दूर्वा चाहिए बगैर वनस्पति के देवता प्रसन्न नहीं होते इसीलिए राहु केतु को कुशा विंगर कुशा के यज्ञादि कर्म नहीं होते है। बट पीपल में ब्रह्मा विष्णु महेश तीनों का वास है आम जामुन और बस की बगैर मांगलिक कार्य नहीं होते है। कहा कि जो बगैर अनुमति या बगैर औषधि के रुपमे इन वृक्षों को छती पहुंचते है। उनको गौ हत्या का पाप लगता है। भगवान शिव शंकर जी की पूजन करके भाव से शिव अभिषेक किया और बाद में महा आरती शाम 7:30 बजे की जावेगी।

## शंकरपुर की 300 बीघा भूमि को अवैध अतिक्रमण से मुक्त कराने की विधानसभा में मांग उठी



**अशोकनगर।** ग्राम शंकरपुर की 300 बीघा शासकीय भूमि को अवैध अतिक्रमण से मुक्त कराने की विधानसभा में मांग उठी। मध्यप्रदेश विधानसभा में ग्राम पंचायत मोहारी राय अंतर्गत ग्राम शंकरपुर की लगभग 300 बीघा शासकीय भूमि पर हुए अवैध अतिक्रमण का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। विधायक इंजीनियर हरिबाबू राय द्वारा राजस्व मंत्री से प्रश्न पूछते हुए इस बहुमूल्य शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने हेतु की जा रही कार्यवाही की जानकारी मांगी गई।

विधानसभा में प्रस्तुत जानकारी के अनुसार, इस भूमि की अनुमानित कीमत लगभग 500 करोड़ रुपये बताई गई है। पूर्व में भी इस संबंध में कई बार प्रश्न एवं पत्राचार किए जाने के बावजूद जिला प्रशासन द्वारा ठोस एवं प्रभावी कार्रवाई नहीं किए जाने पर चिंता व्यक्त की गई। प्रश्न के माध्यम से यह भी पूछा गया कि बार-बार शिकायतों और पत्रों के बावजूद अतिक्रमणकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई क्यों नहीं हुई तथा कब तक पूरी शासकीय भूमि को पूर्ण रूप से अतिक्रमण मुक्त कराया जाएगा। राजस्व विभाग द्वारा दिए गए उत्तर में बताया गया कि राजस्व अभिलेखों में दर्ज भूमि पर अतिक्रमण की पुष्टि होने के बाद प्रशासन द्वारा कार्रवाई प्रारंभ की गई है तथा कुछ स्थानों से अतिक्रमण हटाया जा चुका है। शेष भूमि को भी नियमानुसार अतिक्रमण मुक्त कराने की प्रक्रिया जारी है। जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि करोड़ों रुपये मूल्य की महत्वपूर्ण सरकारी भूमि को शीघ्र पूर्ण रूप से मुक्त कराकर सार्वजनिक हित में उपयोग सुनिश्चित किया जाए।

### करीला मेला के लिए किराया निर्धारित किया

**अशोकनगर।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी अशोकनगर जिले की तहसील बहादुरपुर के ग्राम पंचायत जसैया के ग्राम कानाखेड़ी में म.प्र. तीर्थ स्थल मां जानकी रंगपंचमी करीला मेला 2026 की तैयारियां एवं वाहन व्यवस्थाओं का सुचारू रूप संचालन हो सके। इस संबंध में इस जिले एवं अन्य जिलों से दर्शनार्थी बसों के द्वारा करीला मेले में बहुत ज्यादा संख्या में आने की संभावना है। जिला परिवहन अधिकारी द्वारा सभी बस संचालकों को निर्देशित किया गया है कि करीला मेला में आने वाले दर्शनार्थियों से यात्री बसों में शासन नियमानुसार निर्धारित 1.25 रू. प्रति किमी. के मान से ही किराया लिया जाए। अशोकनगर जिले से मां करीला मेला में दर्शनार्थी अशोकनगर, मुंगावली, ईसागढ़, चन्देरी आदि स्थानों से यात्री बसों में यात्रा करने की संभावना है। शासन नियमानुसार स्थानों के लिए किराया निर्धारण किया गया है। अशोकनगर से करीला दूरी 40 किमी किराया 50 रूपये, अथाईखेड़ा से करीला दूरी 22 किमी किराया 28 रूपये, करीला तिराहा से करीला दूरी 17 किमी किराया 21 रूपये,मूड़रा खाना से करीला दूरी 14 किमी किराया 18 रूपये,बीलाखेड़ी से करीला दूरी 10 किमी किराया 13 रूपये,दंगलिया चक्क से करीला दूरी 08 किमी किराया 10 रूपये, फुटेरा से करीला दूरी 04 किमी किराया 05 रूपये, कानीखेडी से करीला दूरी 02 किमी किराया 03 रूपये,ईसागढ़ से करीला दूरी 75 किमी किराया 94 रूपये, विजयपुरा सें करीला दूरी 63 किमी किराया 79 रूपये,सारसखेड़ी से करीला दूरी 60 किमी किराया 75 रूपये निर्धारित किया गया है।

## डॉ. प्रीति यादव राम भक्त लेखक सम्मान से हुईं सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी द्वारा 23 और 24 फरवरी को आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में अशोकनगर की निवासी और गुना जिले के शासकीय कस्तूरबा कन्या महाविद्यालय में कार्यरत डॉ प्रीति यादव को रामभक्त लेखक सम्मान से सम्मानित किया गया। बुंदेलखंड विश्वविद्यालय ,झांसी के हिंदी विभाग तथा उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान लखनऊ के सहयोग से आयोजित बुंदेलखंड के साहित्य, समाज और संस्कृति में श्रीराम विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर मुकेश पांडेय ,मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री डॉ राजेश श्रीवास्तव ,उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान की प्रधान संपादिका डॉ अमिता दुबे ,कुल सचिव ज्ञानेंद्र कुमार ,परीक्षा नियंत्रक राजबहादुर आदि के द्वारा किया गया। डॉ प्रीति यादव ने बुंदेलखंड के लोकनायक श्रीराम का सामाजिक औदात्य विषय पर अपना शोध पत्र का वाचन किया। डॉ प्रीति यादव ने अपने शोध पत्र का वाचन करते हुए बताया कि श्री राम आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। उन्होंने आगे कहा कि यह राम की लोकप्रियता ही है कि न सिर्फ़ बुंदेलखंड बल्कि संपूर्ण देश में एक बड़ा विद्वान और एक अनपढ़ गंवार समान रूप से श्रीराम में श्रद्धा रखता है ।राम बुंदेलखंड की धरती के कण- कण में बसे हैं । राम का चरित्र आदर्श शासन ,सभ्यता और चरित्र निर्माण की प्रेरणा देता है।

डॉ पुनीत बिसारिया विभाग अध्यक्ष हिंदी विभाग और अधिष्ठाता कला संकाय के संयोजन में 160 लेखकों द्वारा भेजे गए आलेख की तीन पुस्तकों का विमोचन किया गया। लगभग आठ तकनीकी सत्रों में संपूर्ण देश से आए विभिन्न विद्वान जनों ने बुंदेलखंड के हृदय में बसे राम और उनकी लोकप्रियता विषय पर अपने-अपने आख्यान प्रस्तुत किए।

---

## युवा संगम कार्यक्रम का किया गया आयोजन, 137 युवाओं का हुआ चयन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार सूक्ष्म,लघु और मध्यम उद्यम विभाग एवं कौशल विकास एवं रोजगार विभाग व ग्रामीण विकास विभाग द्वारा युवा संगम के तहत एक ही छत के नीचे युवाओ को रोजगार और स्वरोजगार उपलब्ध कराने के उदेश्य से हर माह निर्धारित दिवस को जिला स्तरीय रोजगार/स्वरोजगार के लिए युवा संगम कार्यक्रम आयोजन करने का निर्णय लिया गया है।

कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजेश जैन के मार्गदर्शन में शुक्रवार को शासकीय महाविद्यालय मुंगावली, अशोकनगर में युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 307 युवाओं का पंजीयन कराया एवं कंपनियों द्वारा 155 आकांक्षी युवाओं का प्रारंभिक चयन किया गया और 137 को ऑफर लेटर प्रदान किये गए। युवा संगम में विभिन्न सेक्टर की 5 निजी क्षेत्र की कंपनियां शामिल हुई जिनके द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से निजी क्षेत्र में रोजगार के लिए ऑफर लेटर उपलब्ध कराये गये।

स्वरोजगार योजनाओ के 114 हितग्राहियो को इस माह रूपये 86 लाख का किया हितलाभ वितरण

कार्यक्रम में शासन के विभिन्न विभागों द्वारा संचालित 114 स्वरोजगार योजनाओ के हितग्राहियो को 86 लाख का रुपए का ऑनलाइन हितलाभ वितरण किये गए। मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, पी एम एफ एम ई योजना, ग्रामीण आजीविका मिशन के स्व सहायता समूह आदि योजनाओं के तहत हितग्राहियो को लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रिंसिपल शास कॉलेज मुंगावली डॉ सचिन सिंह, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ नीतू परिहार, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ करण सिंह राजपूत, मेडिकल ऑफिसर आदि रहे मौजूद।

### करीला मेला के संबंध में बस संचालकों को निर्देश जारी किए गए

**अशोकनगर।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी अशोकनगर जिले की तहसील बहादुरपुर ग्राम पंचायत जसैया के ग्राम कानाखेड़ी में म.प्र. तीर्थ स्थल मां जानकी रंगपंचमी करीला मेला 2026 की तैयारियां एवं वाहन व्यवस्थाओं का सुचारू रूप संचालन हो सके। इस संबंध में इस जिले एवं अन्य जिलों से दर्शनार्थी बसों के द्वारा करीला मेले में बहुत ज्यादा संख्या में आने की संभावना है। जिला परिवहन अधिकारी अशोकनगर द्वारा सभी बस संचालकों को निर्देशित किया जाना आवश्यक है कि करीला मेला में आने वाली बसों के समस्त वैद्य मूल दस्तावेज वाहन के साथ होने पर ही वाहन का संचालन किया जावें एवं वाहनों का संचालन नियमानुर तथा यातायात नियमों का पूर्ण पालन करने हेतु सभी बस संचालक अपने-अपने बसों के चालक/परिचालक को सख्त निर्देश देवें कि किसी भी स्थिति में मोटरयान नियमों का उल्लघंन ना हों एवं वाहनों में ओवरलोड यात्री संचालन ना किया जावें। जिन वाहनों की फिटनेस परमिट समाप्त हो गये है वे फिटनेस परमिट को आवेदन प्रस्तुत कर प्राप्त करें।

## महाविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर




प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय अशोकनगर में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ द्वारा शुक्रवार को प्रातः 11: 00 बजे से महाविद्यालय के नवीन भवन कक्ष क्रमांक 02 में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रेनू राजेश, विशिष्ट अतिथि के रूप में हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. योगिता भार्गव, प्राणी शास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ दीक्षा भट्ट उपस्थिति रही। एवं स्पीकर के रूप में डॉ अमित द्विवेदी भौतिक शास्त्र के विद्वान रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासीन अतिथिगण द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया तत्पश्चात विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रेनू राजेश ने अपने उद्बोधन में उपस्थित विद्यार्थियों को विज्ञान के महत्व के विषय में जानकारी दी एवं नवाचार करने को प्रेरित किया। कार्यक्रम में उपस्थित स्पीकर डॉ अमित द्विवेदी द्वारा अपने उद्बोधन में भारतीय वैज्ञानिकों का विज्ञान में योगदान एवं उपलब्धियों को उदाहरण सहित बताते हुए भारतीय ज्ञान परंपरा के साथ जोड़ा। कार्यक्रम मे विज्ञान की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया साथ ही कार्यक्रम मे प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता के बाद मूल्यांकन समिति द्वारा सहभागिता की गए विद्यार्थियों की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया , मूल्यांकन समिति में डॉ. अनसिंह चैहान, प्राची जैन रही। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में धुरव नामदेव बीएससी प्रथम वर्ष ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, पूजा ओझा बी.ए. प्रथम वर्ष ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया व ख्याति दुबे बीए प्रथम वर्ष में तृतीय स्थान प्राप्त किया। टिमटिम लोधी, सोनाक्षी यादव, नम्रता जोगी, रोशनी कुशवाहा, पूनम अहिरवार, हरिओम अहिरवार सहित 75 छात्रों ने प्रतियोगिता में सहभागिता की।

### जिले की 14 वर्ष आयुवर्ग की बालिकाओं को लगाया जाएगा एचपीवी टीका


# बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाने आज से लगेगी वैक्सीन

## 148 देशों की 50 करोड़ बालिकाओं को लग चुकी है यह वैक्सीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

जिले में आज से 14 वर्ष की बालिकाओं के लिए एचपीवी(ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। यह टीका पूरी दुनिया में सर्वाइकल कैंसर से बचाव का प्रभावी माध्यम माना जाता है।

सीएमएचओ डॉ. शोभा पटेल ने बताया कि यह वैक्सीन केवल उन्हीं बालिकाओं को लगाई जाएगी जिनकी उम्र आधार कार्ड के अनुसार 14 वर्ष पूर्ण हो चुकी है। इसके साथ ही अभिभावकों की सहमति भी अनिवार्य होगी। राजगढ़ जिले की कुल आबादी लगभग 19 लाख के करीब है




जिनमें 14 वर्ष आयुवर्ग की बालिकाओं की संख्या लगभग 19 हजार है। लक्ष्य के विरुद्ध उक्त वैक्सीन की फिलहाल जिले को 11637 डोज प्राप्त हुई हैं। प्रत्येक डोज की कीमत करीब 4 हजार रुपये होने के कारण स्वास्थ्य विभाग ने वेस्टेज रोकने के सख्त निर्देश दिए हैं। आगे डिमांड अनुसार वैक्सीन मंगवा ली जाएगी।

### जिले में इन 7 केंद्रों पर लगेगा यह टीका

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. एल.पी. भकोरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले की 7 स्वास्थ्य संस्थाओं में टीकाकरण प्रारंभ किया गया है। इनमें जिला अस्पताल पीपी सेंटर राजगढ़, सिविल अस्पताल नरसिंहगढ़, ब्यावरा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खिलचीपुर, जीरापुर, खुजनेर और सारंगपुर शामिल हैं।

### 148 देशों की 50 करोड़ बालिकाओं को लग चुकी है वैक्सीन

डीएचओ डॉ. भकोरिया ने बताया कि एचपीवी वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित है। विश्व के 148 देशों की लगभग 50 करोड़ बालिकाओं को यह टीका लगाया जा चुका है और इसके कोई गंभीर दुष्प्रभाव सामने नहीं आए हैं। उन्होंने कहा कि समय पर टीकाकरण होने से भविष्य में सर्वाइकल कैंसर के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है। कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपनी 14 वर्षीय बालिकाओं को निर्धारित केंद्रों पर ले जाकर टीकाकरण अवश्य कराएं, ताकि उन्हें गंभीर बीमारी से सुरक्षित भविष्य मिल सके।

### क्या होता है सर्वाइकल कैंसर

सर्वाइकल कैंसर गर्भाशय के निचले सकरे हिस्से में होने वाला कैंसर है। यह एचपीवी नामक वायरस के लंबे समय तक संक्रमण के कारण होता है। यह कैंसर धीरे-धीरे विकसित होता है। अगर बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगवा दी जाए तो भविष्य में उनके सर्वाइकल कैंसर से ग्रसित की संभावना बिल्कुल न के बराबर हो जाती हैं।

# युवा कांग्रेस ने भाजपा कार्यालय के बाहर विरोध-प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

शुक्रवार को सारंगपुर में भारतीय युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते हुए कथित 'मोदी-एपस्टाइन कनेक्शन' को लेकर पर्चे उड़ाए और नारेबाजी की।

कार्यकर्ताओं ने मांग की कि मामले में पूरी पारदर्शिता बरती जाए तथा तथ्यों की निष्पक्ष जांच कराई जाए। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि वर्ष 2017 के एक कथित ईमेल में अमेरिकी वित्तीय अपराधी जैफरी ऐप्सटेन ने यह दावा किया था कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इजराइल यात्रा को लेकर सलाह दी थी। युवा कांग्रेस नेताओं का कहना है कि यदि ऐसा कोई संदर्भ सामने आया है तो इसकी सच्चाई स्पष्ट की



जानी चाहिए, ताकि जनता के मन में किसी प्रकार का संशय न रहे। वहीं, केंद्र सरकार की ओर से इन दावों को पहले ही निराधार और बकवास बताया जा चुका है। इसके बावजूद प्रदर्शनकारियों ने कहा कि लोकतंत्र में पारदर्शिता आवश्यक है और किसी भी प्रकार की शंका को दूर करने के लिए आधिकारिक स्पष्टीकरण या जांच जरूरी है। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए कहा कि उनकी आवाज दबाई नहीं जा सकती। कार्यक्रम में युवा कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## मार्च के अवकाश दिवसों में भी होंगी रजिस्ट्रियां

**राजगढ़।** राजस्व की दृष्टि से मार्च का महीना काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। ऐसे में जिले सहित प्रदेश के आमजनों के दस्तावेजों के पंजीयन/रजिस्ट्री कार्य में अधिक सुविधा देने आगामी मार्च माह में अवकाश के दिनों भी जिला पंजीयक एवं उप-पंजीयक कार्यालय खुले रहेंगे। महानिरीक्षक पंजीयन के निर्देशानुसार शासन के राजस्व के दृष्टिगत मार्च महीने में होली के अवकाश को छोड़कर शेष समस्त अवकाश दिवसों (प्रत्येक शनिवार व रविवार सहित) में समस्त जिला पंजीयक एवं उप पंजीयक कार्यालय पंजीयन कार्य हेतु खुले रहेंगे।

### भारत-ओमन में था मैच

# सोहेल मंसूरी ने दुबई में जीता सेस्टोबॉल का खिताब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

बहुदा प्रतिभाएं छोटे अंचलों से ज्यादा सामने निकलकर आती हैं। इस उक्ति को जिले के छोटे से गांव झाड़मऊ निवासी सोहेल पिता मुमताज मंसूरी ने एक बार फिर से चरितार्थ करके दिखाया है। सोहेल ने गत दिवस दुबई में खेली गई अंतराष्ट्रीय सेस्टोबॉल प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए जीत का खिताब अपने नाम किया है।

जानकारी के अनुसार दुबई में 12 से 17 फरवरी के मध्य आयोजित हुई अंतराष्ट्रीय सेस्टोबॉल प्रतियोगिता में सोहेल ने भारत का प्रतिनिधित्व किया। प्रतियोगिता का फाईनल मुकाबला भारत एवं ओमान के बीच खेला गया। इस रोमांचक मुकाबले में सोहेल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज करते हुए पूरे देश का मान बढ़ाया। सोहेल की इस उपलब्धि की



खबर झाड़मऊ में पहुंचने पर पूरे गांव और क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने ढोल-ढमाकों और मिठाई बांटकर अपनी खुशियों का इजहार किया।

# 11 क्विंटल फूलों से मंदिर और 51 किलो से सजे खाटू श्याम

### रंगभरी एकादशी के अवसर पर फाग उत्सव की रही धूम, भक्तों ने उड़ाया रंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

नगर के प्रसिद्ध श्री खाटू श्याम मंदिर में शुक्रवार को रंगभरी एकादशी के अवसर पर फाग उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर करीब 1.5 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पूरे दिन मंदिर परिसर में भक्ति और उल्लास का वातावरण बना रहा तथा फाग उत्सव का आयोजन किया गया। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी और पूरा वातावरण जय श्री श्याम के जयकारों से गूंज उठा। रंगभरी एकादशी के अवसर पर बाबा श्याम को रंग गुलाल लगाया। श्रद्धालुओं को भी गुलाल लगाकर उत्सव मनाया गया। भक्ति संगीत और भजनों की धुन पर श्रद्धालु जमकर झूमते और नाचते नजर आए। पर्व को लेकर मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा विशेष तैयारियां की गई थीं। बाबा श्याम का दिव्य श्रृंगार उज्जैन से मंगवाए गए 51 किलो ताजे फूलों से किया गया, जिसने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। मंदिर परिसर को दिल्ली और इंदौर से मंगवाए गए करीब 11 क्विंटल ताजे फूलों से भव्य रूप से सजाया गया। इसके साथ ही इंदौर से लाई गई आकर्षक आर्टिफिशियल फुलवारी भी लोगों के आकर्षण का केंद्र रही। रंग-बिरंगी रोशनी, पुष्पमालाओं और भव्य सजावट से मंदिर परिसर को आकर्षक



रूप दिया गया था। श्रद्धालु बाबा श्याम के सुसज्जित दरबार और दिव्य श्रृंगार की एक झलक पाने के लिए उत्सुक नजर आए। दिनभर पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और विशेष आरतियों का क्रम चलता रहा। दोपहर आरती के समय मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहा। नगर सहित आसपास के गांवों और दूर-दराज क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु परिवार सहित दर्शन के लिए पहुंचे।

### निशान यात्राएं निकाली गई

इस अवसर पर शहर के कई गांवों और मोहल्लों से भव्य निशान यात्राएं भी निकाली गईं। ढोल-नगाड़ों और भक्ति संगीत की धुन पर श्रद्धालु नाचते-गाते बाबा के दरबार पहुंचे और निशान अर्पित किए। पिंजारा गली स्थित काली माता मंदिर से निकली निशान यात्रा विशेष आकर्षण का केंद्र रही, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

### पुलिस बल रहा तैनात संभाली यातायात व्यवस्था

भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन और पुलिस बल पूरी तरह मुस्तैद रहा। अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया तथा यातायात का डायवर्जन कर व्यवस्था बनाए रखी गई। नगर सुरक्षा समिति और स्वयंसेवकों ने दर्शन व्यवस्था में महत्वपूर्ण सहयोग दिया। श्रद्धालुओं के लिए पेयजल और प्रसाद वितरण की भी समुचित व्यवस्था की गई थी।पूरे दिन चला यह आयोजन भक्ति और उल्लास से सराबोर रहा और नगर के लिए यादगार बन गया। रंगभरी एकादशी, जिसे आमलकी एकादशी भी कहा जाता है, पर बाबा श्याम के दरबार में उमड़ा आस्था का सैलाब उमड़ा।

### हो रहा था पुताई कार्य

# निर्माणाधीन सीएम राइज स्कूल बिल्डिंग से गिरा मजदूर, रेफर

**राजगढ़।** मुख्यालय पर सीएम राइज स्कूल के नवीन भवन का कार्य अंतिम चरण में चल रहा है। शुक्रवार शाम को भवन की पुताई का काम कर रहा रायसेन जिला निवासी एक मजदूर बिल्डिंग से सीधे नीचे आ गिरा। साथी कर्मियों द्वारा घायल मजदूर को तुरंत जिला अस्पताल लाया गया। यहां प्राथमिक उपचार उपरांत गंभीर हालत देख चिकित्सकों ने उसे भोपाल रेफर कर दिया गया।

आपको बता दें की पीआईयू विभाग द्वारा स्थानीय संकट मोचन बडली क्षेत्र में सीएम राईज स्कूल भवन का कार्य निर्धारित एजेंसी द्वारा करवाया जा रहा है। भवन का निर्माण लगभग पूर्णता की ओर है एवं पुताई इत्यादि का कार्य चल रहा है। शुक्रवार शाम करीब 5 बजे उक्त भवन में पुताई कर रहा मजदूर राजू पिता गजराज उम्र 36 वर्ष निवासी ईंटखेड़ी, जिला रायसेन भवन की पहली मंजिल से सीधा जमीन पर



आ गिरा जिससे सिर में गंभीर चोटें आईं। घटना के तुरंत बाद साथी मजदूरों द्वारा घायल राजू को जिला अस्पताल लाया गया। जिला अस्पताल में चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्तिथि देख घायल मजदूर को रेफर कर दिया। भवन पुताई का कार्य पेटी कंट्रेट पर लेने वाले ठेकेदार ने बताया की मुख्य कंपनी ने सभी तरह के सुरक्षा उपकरण उपलब्ध करवा रखे हैं पर लेबर लापरवाही करते हुए उनका इस्तेमाल नहीं कर रही।

# अस्वस्थ रिटायर्ड कर्मी के घर पहुंचे सीईओ, दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

अमूमन ऐसा कम ही देखने मिलता है जब कोई आईएएस रैंक का अधिकारी अपने विभाग में पदस्थ लिपिक जैसे कर्मचारी की सेवानिवृत्ति पर उसके घर विदाई देने पहुंचे। जिला पंचायत में लिपिक के रूप में पदस्थ एक बीमार कर्मचारी के रिटायर्ड होने पर जिपं सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले ने स्वयं उनके निवास पर पहुंचकर विदाई दी।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग में अनेकों वर्षों तक लिपिक के रूप में सेवाएं देने वाले जगदीश चौहान शुक्रवार को सेवानिवृत्त हुए। चूंकि, चौहान अर्से से बीमार थे और दफ्तर आने में अक्षम थे, ऐसे में जिला



पंचायत सीईओ गढ़पाले उनके गृह निवास पहुंचे और सांफा बांध, शॉल श्रीफल भेंट करते हुए विदाई एवं शुभकामनाएं दीं।

### सभी देयकों के शीघ्र भुगतान के दिए निर्देश

इस दौरान सीईओ गढ़पाले ने अधीनस्थ अधिकारी, कर्मचारियों को रिटायर्ड कर्मचारी चैहान की भविष्य निधि, पेंशन, ग्रेज्युटी सहित अन्य सभी देयकों के शीघ्र भुगतान के निर्देश दिए। सीईओ ने चैहान के दीर्घकालिक एवं उत्कृष्ट सेवाकाल की सराहना की। इस दौरान विभाग में पदस्थ जिला समन्वयक महेश सौराष्ट्रीय, राधेश्याम मालवीय, लईक अंसारी, मानसिंह तोमर, धमेंद्र शर्मा, कैलाश शर्मा सहित चैहान के परिजन हरिसिंह सौलंकी, देवेंद्र कुमारी सौलंकी, अरुणा सौलंकी, भावना सौलंकी सहित अन्य उपस्थित रहे।

## प्रतिवर्षानुसार पंडित नागर के सानिध्य में भक्त पहुंचे कामखेड़ा



**ब्यावरा।** गौ शरण भक्त मण्डल द्वारा भागवताचार्य पंडित सतीश नागर के सानिध्य में प्रतिवर्षानुसार ब्यावरा से प्रसिद्ध कामखेड़ा बालाजी धाम तक 13 वीं पद यात्रा निकाली गई। यात्रा का मुख्य उद्देश्य गौ माता राष्ट्र माता घोषित हो एवं क्षेत्र ओर जनमानस का जीवन खुशहाल हो। यात्रा शनिवार को कामखेड़ा धाम पहुचेगी,जहां महाआरती एवम भंडारा प्रसादी होगी,,यात्रा में संत नीलेश महाराज पूर्व विधायक पुरषोतम दांगी,जिला पंचायत अध्यक्ष चन्द्रसिंह सौंधिया,, भाजापा के दिलवर यादव, जसवंत गुर्जर,अमित शर्मा, लखन यादव रामगोपाल मीना, विहिप के अशोक गुप्ता ,हर्ष तोमर,मांगीलाल गहलोत,देवीसिंह लववंशी, गिरराज लववंशी, गोवर्धन दांगी,रामेश्वर दांगी,पीड़ी, अनिल प्रजापति, शिव पालडी जनपद,मुकेश कुशवाहा, दिनेश यादव ,ज्ञान सिंह ,जगदीश लववंशी, ललित, राधेश्याम मंडी,पंडा जी,राधेश्याम अतरालीया,,अशोक यादव,,पप्पू दास,एवम सेकड़ो भक्त समिलित हुए।

# रंगभरी एकादशी पर उमड़ा जनसैलाब श्याम भजनों पर खूब झूमे श्रद्धालु

**खूजनेर।** खाटू धाम में रंगभरी एकादशी पर लगा खाटू श्याम का लक्खी मेला मंदिर समिति द्वारा नगर में भव्य निशान यात्रा निकाली गई बड़ी संख्या में आसपास के क्षेत्रों से निशान यात्रा खाटू श्याम मंदिर पहुंची मंदिर प्रागंण में 1100 किलो खीर का प्रसाद वितरण किया



गया कई श्याम प्रेमियों ने बाबा के भंडारे आयोजित किए रात्रि में श्री श्याम मंदिर पर भव्य भजन संध्या का आयोजन हुआ श्री श्याम को 56 भोग लगाया आकर्षक दिव्य दरबार सजाया गया दिन भर हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ा रहा गूंजे श्री श्याम के जयकारे भजन संध्या में श्री श्याम के संघ प्रेमियों ने खूब खेली फूलों की होली श्याम भजनों पर झूमे श्रद्धालु बाबा के पवित्र ज्योत लेकर श्याम भक्तों ने खुशहाली की कामना की नगर में ट्राफिक व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए टी

# 7 साल की बालिका फतिमा मंसूरी ने रखा पहला रोजा



**खिलचीपुर।** नगर के ताहिर पटेल मंसूरी की 7 वर्षी पुत्री फातिमा मंसूरी ने माहे रमजान में अपना पहला रोजा मुकम्मल कर आस्था और अनुशासन की अनूठी मिसाल पेश की। छोटी सी उम्र में दिन भर भूख प्यास सहते हुए रोजा रखने पर परिवार सहित मोहल्लेवासी और नगर वासियों ने भी उसकी सराहना की साथ ही उसकी बड़ी बहन हूंमेरा मंसूरी ने भी उसी के साथ सेहरी की ओर पूरे उत्साह के साथ दिनभर साथ में रोज रखा और शाम को इफ्तार के साथ रोज पूरा किया रोजा पूरा होने पर घर में खुशी का माहौल रहा परिजनों ने फूलों की माला पहनकर नन्हे , रोजेदारों का स्वागत किया। फातिमा हूंमैंर ने बताया कि उन्होंने बड़ों से सुना है कि रोजेदार की दुआ कबूल होती है इसी भावना से उन्होंने रोजा रखा और इफ्तार के बाद नगर खिलचीपुर और हमारे देश भारत की तरक्की अमन एवं खुशहाली के लिए दुआ की।

### हितग्राही ने नप कार्यालय में अधिकारी से की निष्पक्ष जांच की मांग

# स्वामित्व प्रमाण पत्र बनवाने के नाम पर युवक से ठगे 25 हजार, थमा दिया फर्जी प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खिलचीपुर


खिलचीपुर में नगर पालिका के नाम पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर 25 हजार रुपये लेने का मामला सामने आया है। पीड़ति ने इस संबंध में नगर परिषद खिलचीपुर के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को लिखित शिकायत सौंपकर कार्य वाही की मांग की है। जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 04 कालाजी बल्ड़ी निवासी जितेन्द्र विश्वकर्मा ने आरोप लगाया है कि रामप्रसाद (चायवाला) एवं राजु वर्मा (पार्षद प्रतिनिधि) ने नगर पालिका के दस्तावेज तैयार कराने के नाम पर उससे 25,000 रुपये लिए, बाद में जब वह दस्तावेजों की पुष्टि के लिए नगर पालिका कार्यालय पहुंचा, तो जांच में वे दस्तावेज फर्जी



पाए गए। पीड़ित का यह भी आरोप है कि मामले की जानकारी ठगों को लगने पर ठगों द्वारा उसे डराया-धमकाया गया ओर नगर पालिका जाने को लेकर सवाल उठाए गए। शिकायतकर्ता ने प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई करने की मांग की है।

### क्या है मामला?

जितेंद्र विश्वकर्मा निवासी कालाजी बलडी वार्ड क्रमांक - 04 ने बताया मकान पर लोन करवाने के लिये मुझे स्वामित्व प्रमाण पत्र की आवश्यकता थी, में ज्यादा पढ़ा लिखा नहीं हूं ओर न ही ज्यादा जानता हूं मुझे रामप्रसाद चाय वाला एवं राजू वर्मा पार्षद प्रतिनिधि ने प्रमाण पत्र बनवाने की बात पर रुपया 25 हजार लेकर एक-दो दिन में


कार्यालय नगर परिषद खिलचीपुर
26/02/2026
//प्रमाणीकरण//

प्रमाण पत्र बनवाने की बात कही। मैंने रुपया दे दिया लगभग एक महीने बीत जाने पर मुझे प्रमाण पत्र इन्होंने बनवा कर दिया, जिसे लेकर में रजिस्टार ऑफिस गया तो उन्होंने इस प्रमाण पत्र को फर्जी बताया, तब में नगर पंचायत कार्यालय इसकी पुष्टि के लिए आया तो नगर परिषद कर्मचारी ने इसे फर्जी बताया।

प्रमाण पत्र पर वर्ष 2021 में पदस्थ सीएमओ के सिग्नेचर निकले वही नगर परिषद में इसकी जानकारी नहीं मिली। मैंने अपनी ठगी का शिकायती आवेदन सीएमओ साहब को ठगो के खिलाफ कार्यवाही करने को दिया।

### नहीं दी राशि...

मुझे इस मामले में जानकारी नहीं है। मुझ पर झूठा आरोप लगाया जा रहा है। मैंने संबंधित से कोई राशि नहीं दी है।

**राजू वर्मा, पार्षद प्रतिनिधि**

### थाने भिजवा दिया...

हां शिकायतकर्ता का आवेदन आया है, हमने जांच कर प्रतिवेदन बनाकर थाने भिजवा दिया है।

**देवनारायण दांगी, सीएमओ खिलचीपुर**

### अंतर्राज्यीय क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 1 मार्च को

**अशोकनगर।** चंदेरी के रामबाग क्रिकेट एसोसिएशन चंदेरी के तत्वावधान में आयोजित अंतर्राज्यीय क्रिकेट टूर्नामेंट का सेमीफाइनल एवं फाइनल मुकाबला 1 मार्च को सुबह 10 बजे से रामबाग स्टेडियम प्राणपुर, चंदेरी में आयोजित किया जाएगा। जिसमें प्रथम पुरुस्कार 1,55,555 रुपये मलकीत सिंह संधू अशोकनगर द्वारा द्वितीय पुरस्कार 77,777 जेनिश जैन रोकड़िया चंदेरी द्वारा, एवं मेन ऑफ द सीरीज इलेक्ट्रिक स्कूटी विजय यादव द्वारा प्रदान किया जाएगा। टूर्नामेंट के अंतिम चरण में प्रदेश एवं अन्य राज्यों के उत्कृष्ट खिलाड़ियों की टीमों के मिश्रण के मध्य रोमांचक मुकाबले खेले जाएंगे। प्रतियोगिता के फाइनल मैच के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रद्युम्न सिंह तोमर उपस्थित रहेंगे तथा विजेता एवं उपविजेता टीमों को पुरस्कार प्रदान करेंगे।